RNI NO.GUJHIN/2007/20220 REGD.NO.GUJ.581

# श्री स्वामिनारायण

मासिक

अंक नं.३४
फरवरी २०
रु/-५



विश्व के सर्व प्रथम श्री स्वामिनारायण मंदिर में सर्व प्रथम श्री नरनारायणदेवकी प्रतिष्ठा फाल्गुन शुक्ल-३ को हुई थी

shree swaminarayan museum

**Museum Year**
March 2010 - March 2011

## ई. २०१०-११ का वर्ष "म्युझियम वर्ष"

प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से मार्च २०१० से मार्च २०११ का वर्ष "म्युझियम इयर" के रुप में मनाया जायेगा। सभी हरि भक्तों को २०१०-११ का आर्थिक सहयोग "श्री स्वामिनारायण म्युझियम" के निर्माणार्थ उदार हृदय से प.पू. बड़े महाराजश्री के गुरु ऋण से मुक्त होने के लिये उन्हीं के चरण में अर्पण करने का निवेदन है।

## "श्री स्वामिनारायण म्युझियम"

## उद्घाटन ८ मार्च २०११

संम्वत २०६७ फाल्गुन शुक्ल-३ श्री नरनारायणदेव पाटोत्सव

www.swaminarayanmuseum.com/org

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.























) जेतपर ( मच्छु–मूलीदेश ) मंदिर में पाटोत्सव प्रसंग पर आरती उतारते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री

) वडुगाँव में स्नेह सत्संग संमेलन प्रसंग पर दीप प्रगट करते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री साथ में महंत स्वामी देव स्वामी तथा शा. नारायणवल्लभदासजी ।

) केनेडा, टोरन्टो अपने मंदिर में धनुर्मास के समय बाल स्वरुप घनश्याम महाराज का अलौकिक दर्शन ।

) मोटेरा में प.पू. आचार्य महाराजश्री की उपस्थिति में शा.स्वा. रामकृष्णदासजी के पारायण प्रसंग पर उद्घाटन करते हुये छोटे पी.पी. स्वामी ।

) देवीपुर ( मूलीदेश ) गाँव में शोभायात्रा में दर्शन देते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री साथ में अहमदाबाद मंदिर के महंत स्वामी ।

) जमीयतपुरा प्रभा हनुमानजी मंदिर के शाकोत्सव प्रसंग पर आशीर्वाद देते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री ।

) नारायणघाट मंदिर में श्री नरनारायणदेव की पदयात्रा में दर्शन देते हुये प.पू. आचार्य महाराजश्री साथ में देव स्वामी, राम स्वामी तथा संत हरिभक्त ।

) ओकलेन्ड मंदिर में बालको के शिबिर की एक झलक ।




संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ - ९८२५३०९५९७
फोक्स : २७४१९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ ( मंदिर )
२७४७८०७० ( स्वा. बाग )
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणेदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी ( महंत स्वामी )
पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य
प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देश में ५०१-००
विदेश १०,०००-००
प्रति कोपी ५-००


# श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र


वर्ष - ३ | अंक : ३४ | फरवरी-२०१०


## अ नु क्र म णि का


१. अस्मदीयम् २

२. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा ३

३. पुष्पदोलोत्सव तथा रंगक्रीडा ४

४. हरिद्वार पवित्र गंगा में २०10 का पूर्ण महाकुंभ पर्व ५

५. आनंद की लहर : तपस्वी संत ६

६. सद्‌गुरु श्री ब्रह्मानंद स्वामी ७

७. श्री स्वामिनारायण संप्रदाय का धर्मवंशी आचार्यपद ८

८. सत्संग सुरभि : यही हमारी प्रतिष्ठा है १०

९. सत्संग बालवाटिका १२
 (१) समय रहते सावधान
 (२) कल्याण ही अनोखी रीत

१०. भक्ति सुधा १४
 (१) प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से अपना जीवन कैसा है
 (२) श्रीहरि का चमत्कार
 (३) प्रशंसा की बलिहारी

११. प्रश्न पेटी १६

१२. सद्संग समाचार १७

# सम्पादकीय

फाल्गुन मास अर्थात् रंगोत्सव का महीना, इसीलिये भगवान स्वामिनारायणने इसी महीने में श्री नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा का निर्णय किया होगा। आज से १८८ वर्ष पूर्व श्रीजी महाराज ने फाल्गुन शुक्ल-३ को करोडो जीवों के मोक्षार्थ अपनी बांहो में भरकर भरतखंड के अधिपति श्री नरनारायणदेव को अपना स्वरुप मानकर प्रतिष्ठित किया तथा सभी को ऐसी आज्ञा दिया कि श्री नरनारायणदेव के स्वरुप में तथा मेरे स्वरुप में कोई अन्तर नहीं है। जो हममें तथा श्री नरनारायणदेव में भेद समझते हैं वे हमें पहचान नहीं सके। ऐसे महाप्रतापी श्री नरनारायणदेव की पूजा - शरणागति तथा भक्ति मोक्ष को देने वाली है। श्री नरनारायणदेव का यह स्वरुप इहलौकिक सर्वविधसुख को देने वाला है। आज सत्संग में बहुत सारे ज्ञानी है, वे ऐसा मानते हैं कि महाराज के स्वरुप से यह स्वरुप भिन्न है। जो ऐसा कहते हैं वे महाराज की आज्ञा का द्रोह करते है। आगामी फाल्गुन शुक्ल-३ को श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव धूमधाम से प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा सम्पूर्ण धर्म कुल की उपस्थिति में मनाया जायेगा।

फाल्गुन महीने का मध्य भाग अर्थात् फाल्गुन शुक्ल-१५ ( होली ) का दिन। संसार जिस दिन होली खेलता है अर्थात् रंग में जिस दिन रंग जाता है उस दिन भगवान के भक्त प्रभु की भक्ति के रंग में रंग जाते हैं। होली का दूसरा दिन अर्थात् धुलहटी। सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव का प्रागट्योत्सव सतयुग में धर्मदेव तथा मूर्तिदेवी के तपः फलस्वरुप प्रभुने ऐसा वरदान दिया कि "आप के घर हम चार स्वरुप से प्रगट होंगे।" फाल्गुन कृष्ण-१ के दिन साबरमती के किनारे धर्मदेव के आश्रम में प्रभु नर, नारायण, हरि, कृष्ण इन चार रुपों में प्रगट हुये। उन्हीं नरनारायणदेव के प्रागट्योत्सव को भव्यातिभव्य ढंग से धूमधाम के साथ श्री नरनारायणदेव के प्रांगण में मनाया जायेगा।

श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव तथा श्री नरनारायणदेव के जन्म जयन्ती उत्सव का दिव्य लाभ लेने के लिये सपरिवार पधारकर जीवन को धन्य बनाये, ऐसा अभ्यर्थना।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

# प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के क़ार्यक्रम की रुपरेखा
## (जनवरी-२०१०)



१. श्री प्रभा हनुमानजी जमीयतपुरा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

३. श्री स्वामिनारायण मंदिर, सुरेन्द्रनगर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
मोटेरा श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

४. धनसुरा श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

५-६. श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज धनुर्मास में धून प्रसंग पर पदार्पण।

७. श्री स्वामिनारायण मंदिर चूडा (मूलीदेश) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

८. श्री स्वामिनारायण मंदिर माणकोल (ता. साणंद) में पदार्पण।
श्री प्रवीणभाई मंगलदास पटेल के यहाँ पदार्पण, नवरंगपुरा।

९. श्री स्वामिनारायण मंदिर ईडर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

१०. वडुगाँव में सत्संग युवा शिबिर प्रसंग पर पदार्पण।

११. श्री स्वामिनारायण मंदिर माणसा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

१२. श्री स्वामिनारायण मंदिर वावोल पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

१४. से २१. श्री स्वामिनारायण मंदिर मोम्बासा सुवर्ण जयंती महोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

२२. श्री स्वामिनारायण मंदिर मयूरनगर (मूलीदेश) सत्संग सभा प्रसंग पर पदार्पण।

२३. श्री स्वामिनारायण मंदिर टोरडा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

२४. श्री स्वामिनारायण मंदिर जीवराजपार्क शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

२५. श्री स्वामिनारायण मंदिर नारायणपुरा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
श्री जयंतीभाई रामदास पटेल के यहाँ महापूजा में पदार्पण-सरसपुर।

२६. श्री स्वामिनारायण मंदिर चाटडी (मूलीदेश) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण.

२७. श्री स्वामिनारायण मंदिर धरियावद पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

२८. श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

२९. श्री स्वामिनारायण मंदिर वासणा (अहमदाबाद) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
श्री अरविंदभाई सेंधालाल पटेल के यहाँ पदार्पण, बोपल।

३१. श्री स्वामिनारायण मंदिर महेसाणा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण.
जे.डी. आसा कास्टींग यज्ञ प्रसंग पर पदार्पण - नरोडा।

# पुष्पदोलोत्सव तथा रंगक्रीडा

- शा. स्वा. अभयप्रकाशदास गुरु
महंत स्वा. देवप्रकाशदासजी ( नारायणघाट )



आज से करीब सवा दो सौ वर्ष पूर्व भगवान स्वामिनारायण के समय में चारो तरफ अधर्म फैला हुआ था। भगवान स्वामिनारायण जब से प्रगट हुये उस समय से धीरे-धीरे अधर्म का नाश करके सद्धर्म की स्थापना कर रहे थे। श्रीहरिने देखा कि चारो तरफ अधर्म व्याप्त हो चुका है। उत्सवो में भी नीति नियम रहा नहीं। परंपरा का नाश होता देखे। जिस जन्माष्टमी को भगवान की भजन-कीर्तन होनी चाहिये उस दिन लोग मदिरापान करते थे। शिवरात्रि के दिन मदिरा, भांग, इत्यादि का भोग भगवान शिव के लिये दिखावा मात्र था। नवरात्री तथा यज्ञ में पशु की बलि चढाकर मांस भक्षण हो रहा था।

होली के दिन आनंद के साथ रंग खेलने की जगह गाली गलोज, अपशब्द, कांदव कीचड़ का वरसात होता था। महाराज यह सब देखकर मन में विचार करने लगे कि यह परम्परा रोकने लायक है। शुद्ध धर्म की तरह अधर्म चारो तरफ फैला हुआ है। प्रभु ने दिव्य संकल्प किया और उत्सव मनाने की शुरुआत किये। उस उत्सव से सभी को आनंद भी हुआ और कुरीतियां - अधर्म सभी चले गये। प्रत्येक उत्सव जैसे दशहरा का जन्माष्टमी का, दीपावली का, अन्नकूट का उत्सव खूबधूमधाम से मनाया जाने लगा।

भगवान स्वामिनारायण जब अहमदाबाद में श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव करने के लिये पधारे उस समय महाराज की एकान्तिक भक्ता महिलायें स्वागत के लिये आगे आयी। दूसरे दिन स्वयं महाराज महाप्रभु श्री नरनारायणदेव का पूजन-अर्चन किये। सभी मिलकर आपस में गुलाल उड़ाकर रंगोत्सव मनाने लगे।

महाराज जब सिंहासन पर आकर विराजमान हुये उस समय बहुत सारे भक्त, रंग से भरे हुये घड़े लेकर आये एक दूसरे के ऊपर रंग फेंकने लगे। गाँव के भक्त भी आये हुये थे। पिचकारी से रंग की बरसात करने लगे। महाराज भी इन भक्तों को प्रसन्न करने के लिये गुलाल उड़ाने लगे। भक्त भी हाथ में पिचकारी लेकर महाराज के ऊपर रंग डालने लगे। संत भी गुलाल तथा रंग खेलने लगे। इस तरह एक दूसरे पर रंग-गुलाल फेंकने लगे।

रामप्रतापभाई, इच्छारामजी, मुक्तानंद स्वामी, गोपालानंद स्वामी, ब्रह्मानंद स्वामी, नित्यानदं स्वामी, शतानंद स्वामी सच्चिदानंद स्वामी, सुराखाचर, सोमला खाचर, अलैया खाचर, भगुजी, वस्ताखाचर, झीणाभाई, प्रागजी पुराणी, मायाराम भट्ट, जोबन पगी इस तरह वे सभी आपस में आनंद के साथ रंग खेलने लगे।

सोमला खाचर रंग का घड़ा सुरा खाचर के ऊपर डाल दिये। ब्रह्मानंद स्वामी नित्यानंद स्वामी के मुंह में गुलाल का लेपन कर दिये। महाराज यह दृश्य देखकर स्वयं सभी के ऊपर रंग डालने लगे। बाद में सभी साबरमती में जाकर स्नान किये। इस तरह महाराज प्रत्येक उत्सव को धूमधाम से मनाते और दूषण को दूर करते रहे आज भी हम महाराज की उस परंपरा को मनाते हैं और आगे भी मनाते रहें ऐसी प्रभु के चरणों में प्रार्थना।

# हरिद्वार-पवित्र गंगा में २0१0 का पूर्ण महाकुंभ पर्व

– साधु व्रजभूषणदास गुरु स्वामी श्यामसुंदरदासजी ( हरिद्वार )



अकाल मृत्यु हरणं सर्व व्याधिविनाशनम् ।
विष्णु पादोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ॥

देवताओं की भूमि अर्थात् हरिद्वार । भारत देश में चार स्थानों पर कुम्भ मेला होता है । जिसमें हरिद्वार, इलाहाबाद, उज्जैन तथा नासिक । यह कुम्भ मेला निश्चित राशी तथा नक्षत्र पर होता है।

श्री नरनारायणदेव देश का अपना श्री स्वामिनारायण मंदिर, शंकराचार्य चौक में विराजमान है । जिसमें राधाकृष्णदेव, हरिकृष्ण महाराज के सानिध्य में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से संत-हरिभक्तों के सहयोग से इस सदी का प्रथम कुम्भ मेला गंगा के किनारे हरिद्वार में आयोजित हुआ है । हिमाचल प्रदेश में से उत्तराखंड अलग राज्य बना इसका भी यह प्रथम कुंभ है । इस महाकुंभ पर्व में अपने संप्रदाय के हजारो अनुयायी लाभ लेने पधारने वाले हैं । जिससे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा यहाँ के महंत स्वामी ने इस प्रसंग पर कथा, पूजा, धुन, भजन, कीर्तन, समूहजन-मंगलपाठ इत्यादि का कार्यक्रम किया है । इसके अलांबा यात्रिकों के लिये अन्नक्षेत्र भी चालू किया है । इसलिये आप सभी भक्तजनों से निवेदन है कि अनाज, दाल, चावल, गेहूं, घी, तेल, गुण, चीनी इत्यादि का तन, मन तथा धन से यहाँ के मंदिर में दान करके अपने जीवन को धन्य बनाइये ।

पूर्ण कुंभ महापर्व स्नान माहात्म्य

अश्वमेघ सहस्त्राणि, वाजपेय शतानिच ।
लक्षप्रदक्षिणां भूमेः कुम्भस्नानेन तत्फलम् ॥
( विष्णुपुराण )

१ करोड वर्ष नर्मदा में बैठकर जो फल मिलता है वह मात्र कुंभ स्नान से प्राप्त होता है।

सहस्त्रं कार्तिके स्नानं माघे स्नानं शतानिच ।
वैशाखे नर्मदा कोटिः कुम्भ स्नानेन तत्फलम्
( स्कन्द पुराण )

एक करोड़ गाय के दान का जो फल है वह एकवार कुंभ स्नान से प्राप्त होता है।

ऐसा अति सुंदर कुंभ स्नान का फल है, करोड़ो काम बिगाड़कर भी कुंभ स्नान करना चाहिये ।

कुंभ स्नान की जानकारी

१४ नजवरी मकरसंक्रांति, १५ जनवरी मौनी अमावास्या सूर्यग्रहण, २० नजवरी वसंत पंचमी, ३० जनवरी माघी पूर्णिमा, १२ फरवरी महा शिवरात्री प्रथम शाही स्नान, १५, मार्च सोमवती अमावस्या द्वितीय शाही स्नान, १६ मार्च नवरात्रारम्भ, २४ मार्च रानमवी श्रीहरि जयंती, ३० मार्च वैरागी अखाडा स्नान, १४ अप्रैल मेष संक्रान्ति तृतीय शाही स्नान, २८ अप्रैल वैशाख पूर्णिमा अधिक मास पूर्णिमा, १४ मई वैशाख अधिक मास पूर्ण, १६ मई अक्षय तृतीया पूर्ण, २० मई गंगाजयंती, महा कुंभ मेला की समाप्ति ।

# आनंद की लहर




## तपस्वी संत

– शा. हरिजीवनदास ( हिंमतनगर महंत )

हुताशनी ( होली ) के अवसर पर सभी संतो को महाराज गढडा बुलाये । महाराज का संदेश सुनते ही संत जैसे नदियाँ समुद्र में मिलने के लिये आतुर रहती हैं ऐसे संत त्वरा करने लगे ।

संत कुंडल गाँव तक पधारे है यह समाचार सुनकर महाराज अश्व पर सवार होकर कुंडल पधारे । सभी का वहीं मिलाप होता है । संतो के अनुकूल तथा महाराज के अनुकूलि भोजन की तैयारी की गयी थी । संत षडरस का परित्याग करने वाले थे, नीति नियम भोजन में रखते थे । यह देखकर सुरा खाचर को संतो के प्रति खूब मान हुआ । दादा अपनी पगडी उतारकर महाराज के चरण पर रखकर प्रार्थना करने लगे कि हे महाराज ! आप इन संतो पर कृपा कीजिये, देखिये इन का शरीर कितना कृश हो गया है । इनके रसास्वाद का नियम छोड़वा दीजिये । कारियाणी की सभा में स्वामीने एक नाटक किया । रात्रि में सभा थी, उन्हें दिखाई नहीं दे रहा हो ऐसा वे नाटक करते हुये हाथों के इसारे से चलने लगे । हाथ का इशारा करते हुये कहने लगे कि वह साधु कहाँ गया ? यह सुनकर शिष्य सामने आकर कहा स्वामी क्या आज्ञा है ? मेरी वीणा ले आ महाराज को कीर्तन सुनाना है । यह देखकर महाराज हंसने लगे । महाराजने कहा अरे ! ब्रह्म मुनि दिखाई नहीं दे रहा है क्या ? महानुभावानंद स्वामी ने कहा महाराज ये सभी संत रसास्वाद त्याग करके जो अति कठिन नियम पालते हैं उसी का यह परिणाम है । महाराज यह सुनकर खूब प्रसन्न हुये । उन्हें दया आयी और सभी को बुलाकर कहे कि आज से आप सभी को षडरस के नियम से हम मुक्ति दे रहे हैं । जीवा खाचर की उसदिन रसोई थी । सभी आनंदित हो गये । श्रीहरि संतो को खूब भोजन खिलाया ।




माउन्ट आबू की तलहटी में शिरोही जिला में बारोट शंभुदान तथा लालूबा के यहाँ ब्रह्मानंद स्वामी का जन्म इ.स. १७७२ ( सं. १८८२ ) में वसंत पंचमी मंगलवार को हुआ था। उनका पूर्वाश्रम का नाम लाडुदान था। वे बड़े तेजस्वी थे। मुख विम्ब प्रकाशमय था।

अपनी तेजस्विता के कारण गुजराती का अभ्यास थोड़े समय में पूर्ण कर लिये। पिंगल शास्त्राभ्यास करने का सम्पूर्ण खर्च उदयपुर के राजा ने किया। धमडका गाँव ( कच्छ ) में संस्कृत तथा विंगल शास्त्र का अभ्यास किये। उन्हे अनेक राजाओं से पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्हे राज कवि भी कहा जाता था।

भुज में सहजानंद स्वामी से मिलने गये। महाराज के दर्शन से उनके आनंद की सीमा न रही। गढडा जाते समय उन्होंने मन ही मन संकल्प किया कि मुझे गुलाब का हार पहनायें तथा चरणारविंद में सोलह चिन्ह का दर्शन करावें तो ही हम उन्हें भगवान मानेंगे। ये दोनो संकल्प उनके सिद्ध हुये थे। उसी समय वे कीर्तन की रचना किये।

''आज की घड़ी रे धन्य आज की घड़ी।''

उनके मन में भगवान का भाव दृढ होगया। उन्हें जो कुछ भी राजदरबारों में पुरस्कार मिले थे वे सभी महाराज के चरणों में अर्पण करके दीक्षा लेलिये। महाराज उन्हें दीक्षित करके ''ब्रह्मानंद स्वामी'' नाम रखे। वे मारवाडी, व्रजभाषा कच्छी, गुजराती, संस्कृत, इत्यादि भाषा के जानकार थे। उनकी काव्य शक्ति अद्भुत थी। वे सावधान भी थे।

भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, तप, संयम तथा सदुपदेश उनके कीर्तनो से प्रतीत होता है। उनके पदों में से सहृदय भाव, संवेदना प्रीति की अभिव्यक्ति होती रहती है।

- लटकारा तारे लटके रे, लेरखडा हुं लोभाणी रे...
- रे शिर साटे नटवरने बरीए......
- रे सगवण हरिवरनुं साचु ........

बीजुं सर्वे क्षणभंगुर काचु......

ब्रह्मानंद स्वामी ने खूब कष्ट करके वडताल, जूनागढ, मूली इत्यादि धामों में शिखरी मंदिर का निर्माण करवाये थे। श्रीहरि के साथ ब्रह्मानदं स्वामी का सखा भाव था। अरे ! ब्रह्मानंद स्वामी जैसा संत तो पूरे ब्रह्मांड में नहीं मिलेंगे। महाराज वचनामृत में वताया है कि ''ब्रह्मानंद स्वामी'' हनुमानजी की तरह यति है.... ब्रह्मानंद स्वामी प्रत्येक क्रिया में तीनो अवस्था में महाराज का अखंड दर्शन करते रहते थे। वे करीब १७ जितने ग्रन्थ लिखे थे। १०००० से भी अधिक कीर्तन बनांये थे। स्वामी के हृदय से प्रीति का भाव जब फूटता तो राग-रागिनी की धारा वह पड़ती थी। जिस की प्रतीति उनके पदो से होती है। पंच विषय के त्यागी ऐसे कवि स्वामी देह की नश्वरता को बताते हुये कहते हैं कि -

आ तन रंग पतंग सरीखो,
जाता वार न लागे जी।
असंख्य गया धन संपत्ति मेली,
तारी नजरु आयेगी ॥

उनके जन्म स्थान ''खाण'' में आचार्य महाराजश्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराज की प्रेरणा से शिखरी मंदिर की ध्वजा आज भी लहरा रही है। जिसे आगामी वर्ष में २५ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से संपन्न होगा। यह खाण गाँव सदा के लिये ''सत्संग की खाण'' बने यही अभ्यर्थना।

- प्रो. महादेव धोरियाणी ( राजकोट )

# श्री स्वामिनारायण संप्रदाय का धर्मवंशी आचार्यपद

- प्रो. सूर्यकान्त भट्ट ( भुज )

इस भरत खंड में सर्वावतारी भगवान श्री स्वामिनारायण ने मनुष्य अवतार धारण करके शुद्ध सनातन वैदिक धर्म की स्थापना की है । इस लोक में सभी के लिये सदाचार का सुन्दरमार्ग निर्माण किया है । अपने आश्रितों के आत्यन्तिक कल्याण के लिये तीन गूढ रहस्यरुप सत्शास्त्र, देव मंदिर, आचार्य पद की स्थापना की । जगत में कितने लोग ज्ञानाचार्य, योगाचार्य, धर्माचार्य कहे जाते है । आज तो विद्यालयों में न्यायाचार्य, साहित्याचार्य व्याकरणाचार्य इत्यादि की पदवी दी जाती है । इसके अलांवा विश्व में कई जगहो पर सन्यासी, गृहस्थ, स्त्री-आचार्य का कार्य करती है । परन्तु स्वामिनारायण संप्रदाय का आचार्य पद अनेक विशेषताओं से युक्त है।

श्री सहजानंद स्वामीने अपने आश्रितों के लिये अपने स्थान पर धर्मवंशी आचार्य को स्थापित किया । सम्प्रदाय की व्यवस्था के लिये अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव देश तथा वडताल श्री लक्ष्मीनारायणदेव इस तरह दो गादी स्थान बनाया । इन दोनो देश विभाग का लेख लिखवाया । सत्संगियों को आचार्य महाराजश्री की आज्ञा में रहने की आज्ञा की । कोई भी अवतार आचार्यपद की स्थापना की हो इतिहास में नहीं मिलता । धर्म की रक्षा के लिये आचार्य पद ''गृहस्थ'' के रुप में प्रतिष्ठित किया । महिलाओं की गुरु रुपा आचार्य पत्नी ( गादीवाला ) की स्थापना की ।

सम्प्रदाय के आद्यगुरु नारायण जो गृहस्थाश्रमी हैं । सभी संप्रदाय में व्यासजी को सभी आचार्यो का आचार्य गुरुओं का गुरु माना जाता है. वे व्यासजी भी गृहस्थाश्रमी है । अलौकिक तपोबल से ऋषियों में श्रेष्ठ तथा ज्ञानियों में श्रेष्ठ वशिष्ठजी तथा याज्ञवल्क्यजी गृहस्थाश्रमी थे । शुकदेवजी के गुरु जनक गृहस्थाश्रमी थे । मुनि अत्रि, विष्णु, हारिक, अंगिरा, यम, आपस्तंब, व्यास, कात्यायन, सैवर्त, पराशर, बृहस्पति, शंख उशनस, दक्ष, लिखित, शातातप,, गौतम, वशिष्ठ जैसी वीस स्मृतिया जो मानव धर्म शास्त्र के रुप में प्रतिष्ठित हैं । इन सभी स्मृतियों के रचयिता गृहस्थाश्रमी थे ।

भावी आचार्यो का चयन गृहस्थाश्रमी में से करना योग्य है या त्यागियों में से करना योग्य है ? धर्मकुल में से करना या



अन्यथा कुछ और विचार करना ? इस परिप्रेक्ष्य में श्रीहरिने त्यागियों की तथा गृहस्थाश्रमियों की एक विशाल सभा का आयोजन वडताल में किया था । सभी के मन्तव्य लिये गये थे । परंतु सभी के प्रतिनिधिरुप, सम्प्रदाय की जिसे मां कहा जाता था ऐसे मुक्तानंद स्वामी ने महाराज से हाथ जोड़कर कहा कि ''धर्मदेव स्वयं गृहस्थाश्रमी थे । उन्हें रामानंद स्वामीने आज्ञा दी थी कि आप मुमुक्षुओं को दीक्षा देकर शिष्य बनाकर उपदेश दीजियेगा । जीवन में स्त्री, द्रव्य, मान तथा रसास्वाद से त्यागी को दूर रहना चाहिये । आचार्य पद पर विराजमान व्यक्ति को इन से दूर रहना चाहिये, इस लिये त्यागियों के लिये यह आचार्यपद योग्य नहीं है । उन्होंने विशेष रुप से यह भी बताया कि धर्मकुल में से जो सुपात्र गृहस्थाश्रमी हो उसी की नियुक्ति करना श्रेयष्कर होगा ।

सम्प्रदाय का विस्तार गुजरात में उत्तरोत्तर वढता जा रहा है इसलिये दो गादी संस्थान बनाये गये । श्रीजी महाराज के

४५ वर्ष अन्तर्ध्यान के बाद इन्गलेन्ड से दो अंग्रेज सर मोनियर विलियम्स जो संस्कृत के प्रखर पंडित् थे तथा प्रसिद्ध इतिहासकार श्री हेनरी ज्योर्ज ब्रीग्स भारत का भ्रमण करने आये। वे लिखते हैं कि अठ्ठारवीं सदी में संप्रदाय के एक हजार साधु, तीन सौ ब्रह्मचारी तीन सौ पार्षद दो सौ सेवक पांच लाख गृहस्थ परिवार थे।

श्री सहजानंद स्वामी द्वारा लिखाये गये देश विभाग कि विशेषता यह है कि सम्प्रदाय का आचार्य कौन हो सकता है स्पष्ट लिखा हुआ है। स्वहस्त लिखित शिक्षापत्री में दोनो गादी का तथा गादी के आचार्यों का उल्लेख किया हुआ है। आचार्य के नियम तथा गादीवालाजी के नियम का भी उल्लेख किया गया है। सम्प्रदाय के आचार्य पद की नियुक्ति का विशेष प्रकार है। धर्मदेव की परंपार में आने वाला गृहस्थ पुरुष संप्रदाय के आचार्य पद का हकदार हो सकता है। उन्हीं का पुत्र हो या धर्मकुल का धर्म परायण हो, सम्प्रदाय निष्ठावाला हो, ऐसे व्यक्ति को त्यागी तथा गृहस्थों की अनुज्ञालेकर आचार्य पद दिया जा सकता है।

आचार्य महाराजश्री को यदि दो पुत्र हों तो ज्येष्ठ पुत्र को गादी पर बैठाना चाहिये ऐसा कोई नियम नहीं है, जो सुपात्र हो उसी की नियुक्ति करनी चाहिये। पत्रियों की परम्परा में से किसी को आचार्य पद नहीं दिया जा सकता। यदि आचार्य पदारुढ को सन्तान न हो या योग्य सन्तान न हो तो धर्मदेव के कुल में से जो योग्य हो उसे आचार्यपद देना चाहिये।

सांख्ययोगी बहनों को तथा गृहस्थामहिलाओं को आचार्य पत्नी (गादीवाला) गुरु मन्त्र दे सकती हैं। आचार्य पद प्रतिष्ठा वाला है। इसलिये कि यह पद श्री हरि का है। श्रीहरि अपने दैवत्व आचार्यपद में प्रतिष्ठित किये हैं। आचार्य पद राजगादी का नहीं है बल्कि धर्मगादी का है। धर्मगादी का संचालन कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता है। गढडा के मध्य प्रकरण में श्रीहरिने कहा है कि भगवान धर्मधुरंधर हैं। आचार्यपद भी श्रीहरि का है अतः आचार्य को भी धर्मधुरंधर कहा जाता है। धर्म की रक्षा करना आचार्य पद की गरिमा है। श्री अर्थात् लक्ष्मीजी अर्थात् भगवान की भक्ता। हिन्दु शास्त्रानुसार नव अंक पूर्ण माना जाता है। इसलीये अनंत विभूति श्रीयह उनके नाम के आगे १००८ लिखा जाता है।

शिक्षापत्री के ८४ वें श्लोक में श्रीहरिने लिखा कि आचार्य पद श्रीहरि का अपर स्वरुप है। इस स्थान के महत्व को सदा ध्यान रखना चाहिये।

यह सम्प्रदाय, गुरुमुखी सम्प्रदाय है। इस आचार्य पद को लोग मोक्षाधायक मानते है। श्रीजी महाराज की आज्ञा का पालन करने से त्यागी-गृहस्थ आबाल नर नारी को श्रीहरि की असीम कृपा मिलती है। मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करने का अधिकार मात्र आचार्य महाराजश्री को ही है। इस आचार्य पद का स्थान सर्वावतारी श्रीहरिने स्वयं अपने हाथों से सं. १८८२ कार्तिक शुक्ल-११ के दिन वडताल में किया था। इस सन्दर्भ में लेख, साक्षियों का हस्ताक्षर सं. १८८३ मार्गशीर्ष शुक्ल-१५ को गढडा में दादा एभल के दरबार करवाया था।

## अपने आगामी उत्सव

**फाल्गुन शुक्ल-२ :** मंगलवार ता. १६-२-२०१० चराडवा श्री स्वामिनारायण मंदिर में सुवर्णजयंती महोत्सव।

**फाल्गुन शुक्ल-३ :** बुधवार ता. १७-२-२०१० को श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद में सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव का १८८ वाँ पाटोत्सव।

**फाल्गुन शुक्ल-४ :** गुरुवार ता. १८-२-२०१० सापावाडा मंदिर का पाटोत्सव।

**फाल्गुन शुक्ल-५ :** शुक्रवार ता. १९-२-२०१० कांकरिया मंदिर का पाटोत्सव एवं चौरासी गाँव के ब्राह्मणों का ब्रह्मभोज।

**फाल्गुन शुक्ल-७ :** रविवार ता. २१-२-२०१० को खाण मंदिर का पाटोत्सव।

(नोट : आगामी वर्ष में खाण मंदिर का रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा)

**फाल्गुन शुक्ल-८ :** सोमवार ता. २२-२-२०१० एप्रोच (बापूनगर) मंदिर का पाटोत्सव।

**फाल्गुन कृष्ण-२ :** मंगलवार ता. २-३-२०१० को श्री नरनारायण जयंती अहमदाबाद मंदिर में प.पू. लालजी महाराजश्री के हाथों भव्य रंगोत्सव।

**फाल्गुन कृष्ण-८ :** सोमवार ता. ८-३-२०१० को जेतलपुरधाम में श्री रेवतीबलदवेजी हरिकृष्ण महाराज का पाटोत्सव।

# सत्संग सुरभि

- अतुलभाई भानुप्रसाद पोथीवाला ( अहमदाबाद )

## यही हमारी प्रतिष्ठा है

जिसके शरीरकी हड्डी गिनी जासके ऐसी कृश काया वाले, मस्तक पर जटा, १८ वर्ष की उम्र, देखते मुग्धहो जाने की मोहिनी मूर्ति, संवत १८५६ श्रावण शुक्ल दसमी, जूनागढ की तरफ दृष्टि करके चले जा रहे थे। मार्ग में मिलने वाले तपस्वी नागा बाबा, संन्यासी तथा तीर्थवासी सभी अपने स्वरुप का परिचय कराते थे।

दत्तात्रेय भगवान की चरण पादुका का दर्शन करके गिरनार उतरकर नीलकंठ वर्णी गोधावाव के पास पधारे। यहाँ सदा व्रत चल रहा था। अनेक जीवों के उद्धार करने का संकल्प लेकर जहाँ सदाव्रत चलता वहाँ एकदाना भी उनका लेकर कल्याण करते थे।

जहाँ भेख वहाँ भगवान इस महिमा की दृष्टि से लोग सदाव्रत चलाते थे। ऐसे सदाव्रतो में नागा वैरागी भी भोजन करते तथा अन्य साधु-संन्यासी भी भोजन करते थे।

नीलकंठवर्णी धर्मदास के सदाव्रत की पंक्ति में जाकर बैठ गये। उसी सयम कोई बाबा आकर नीलकंठ वर्णी को पंक्ति में से उठादिया। दूसरी पंक्ति में जाकर बैठे तो वहां दूसरे वैरागीने हटाया इस तरह कईबार अपमानित होने पर भी वर्णी को कोई दुःख नहीं हुआ, क्योंकि उन्हे सदाव्रत चलाने वालों का कल्याण करना है। भोजन कहीं नहीं मिला, अपमान अवस्य मिला। फिर भी लेशमात्र भी अन्तः पीड़ा नहीं हुई। उनके तेज में थोड़ा भी झांका नहीं पड़ा। हाटकेश्वर महादेव मंदिर गये वहाँ मंदिर जाते समय उनके पीछे पीछे एक साठ वर्ष का संन्यासी भी आया। वह संन्यासी वर्णी के साथ जो व्यवहार हुआ था वह सब देखा था। इसलिये वह संन्यासी भी भोजन नहीं किया। संन्यासी वर्णी की सहनशीलता तथा उनकी माधुरी मूर्ति को अपने हृदय में उतार लिया था। इसलिये वर्णी के पीछे-पीछे साथ होलिया। साथ में दोनो रहे। हाटकेश्वर महादेव का एक नागर ब्राह्मण भक्त था वह प्रतिदिन दर्शन करने आता था। वह संन्यासी उस भक्त को बुलाकर कहा कि "ये बाल ब्रह्मचारी है, देवता पुरुष है, ये भूखे है, इन्हें भोजन करायेंगे तो आपका कल्याण होगा।"

वे नागर भक्त नीलकंठ वर्णी के पास गये। चरणस्पर्श करते ही उन के हृदय में परम शांति का अनुभव होने लगा। शिव भक्त हाथ जोड़कर कहने लगा महाराज ? मेरी इच्छा है भोजन कराने की, आप स्वीकार करेंगे ?

महाप्रभु उसकी भावना को समझकर कहे कि, ले आओ . नागर ब्राह्मण तुरंत घर जाकर पूड़ी हलुआ तैयार कराकर ले आया। महाराज अपने पास से बाल मुकुन्द को निकाले उनका भोग लगाया और संन्यासी को बुलाकर साथ में वह प्रसाद ग्रहण किये। बाद में प्रसाद उस नागर ब्राह्मण को भी दिये। उस भूखे बालक ब्रह्मचारी को तथा सन्यासी को भोजन कराकर वह नागर ब्राह्मण अपने जीवन को धन्य माना। आजतक की शिवोपासना सार्थक मानने लगा। जिस बालरुप नीलकंठ वर्णी को देखा वही रुप घर जाकर बार-बार स्मरण करने लगा। नीलकंठ वर्णी ने भी उस ब्राह्मण को रात्रि में शिव के रुप में दर्शन दिया। रात्रि में वह संन्यासी ज्ञान गोष्ठी महाप्रभु के साथ किया। साधु असाधु के नियम, भगवान की भक्ति से मोक्ष तथा संसार की असारता इत्यादि के विषय में नीलकंठ वर्णी ने उस संन्यासी को बताया।

उत्तर हिमालय से तीर्थाटन करते हुये वह संन्यासी गुजरात में आया था। उसका साक्षात् महाप्रभु वर्णी से यहीं पर हुआ। जाते समय वह संन्यासी महाप्रभु से मांगा कि हे महाराज ! जिस तरह आपने मुझे अपना प्रसाद ग्रहण करवाया ठीक इसी तरह मेरे अंत समय में भी कृपा कीजियेगा।

नीलकंठने तथास्तु कह दिया। यहीं से भगवान तथा भक्त दोनो अलग हुये।

आषाढी संवत् १८७४ का वर्ष था। महाराज जेठ मास से आश्विन शुक्ल पक्ष तक गढपुर में निवास किये। चातुर्मास के समय महाराज अक्षर कक्ष में सन्ध्यावंदन करके विराजमान थे। महाराज के संमुख संत विराजमान थे। उस समय महाराज स्वस्वरुप की बात कर रहे थे। सभी

जिसके शरीरकी हड्डी गिनी जासके ऐसी कृश काया वाले, मस्तक पर जटा, १८ वर्षकी उम्र, देखते मुग्धहो जाने की मोहिनी मूर्ति, संवत १८५६ श्रावण शुक्ल दसमी, जूनागढ की तरफ दृष्टि करके चले जा रहे थे। मार्ग में मिलने वाले तपस्वी नागा बाबा, संन्यासी तथा तीर्थवासी सभी अपने स्वरुप का परिचय कराते थे।

दत्तात्रेय भगवान की चरण पादुका का दर्शन करके गिरनार उतरकर नीलकंठ वर्णी गोधावाव के पास पधारे। यहाँ सदा व्रत चल रहा था। अनेक जीवों के उद्धार करने का संकल्प लेकर जहाँ सदाव्रत चलता वहाँ एकदाना भी उनका लेकर कल्याण करते थे।

जहाँ भेख वहाँ भगवान इस महिमा की दृष्टि से लोग सदाव्रत चलाते थे। ऐसे सदाव्रतो में नागा वैरागी भी भोजन करते तथा अन्य साधु-संन्यासी भी भोजन करते थे।

नीलकंठवर्णी धर्मदास के सदाव्रत की पंक्ति में जाकर बैठ गये। उसी सयम कोई बाबा आकर नीलकंठ वर्णी को पंक्ति में से उठादिया। दूसरी पंक्ति में जाकर बैठे तो वहां दूसरे वैरागीने हटाया इस तरह कईबार अपमानित होने पर भी वर्णी को कोई दुःख नहीं हुआ, क्योंकि उन्हे सदाव्रत चलाने वालों का कल्याण करना है। भोजन कहीं नहीं मिला, अपमान अवस्य मिला। फिर भी लेशमात्र भी अन्तः पीड़ा नहीं हुई। उनके तेज में थोड़ा भी झांका नहीं पड़ा। हाटकेश्वर महादेव मंदिर गये वहाँ मंदिर जाते समय उनके पीछे पीछे एक साठ वर्ष का संन्यासी भी आया। वह संन्यासी वर्णी के साथ जो व्यवहार हुआ था वह सब देखा था। इसलिये वह संन्यासी भी भोजन नहीं किया। संन्यासी वर्णी की सहनशीलता तथा उनकी माधुरी मूर्ति को अपने हृदय में उतार लिया था। इसलिये वर्णी के पीछे-पीछे साथ होलिया। साथ में दोनो रहे। हाटकेश्वर महादेव का एक नागर ब्राह्मण भक्त था वह प्रतिदिन दर्शन करने आता था। वह संन्यासी उस भक्त को बुलाकर कहा कि "ये बाल ब्रह्मचारी है, देवता पुरुष है, ये भूखे है, इन्हें भोजन करायेंगे तो आपका कल्याण होगा।"

वे नागर भक्त नीलकंठ वर्णी के पास गये। चरणस्पर्श करते ही उन के हृदय में परम शांति का अनुभव होने लगा। शिव भक्त हाथ जोड़कर कहने लगा महाराज ? मेरी इच्छा है भोजन कराने की, आप स्वीकार करेंगे ?

महाप्रभु उसकी भावना को समझकर कहे कि, ले आओ . नागर ब्राह्मण तुरंत घर जाकर पूड़ी हलुआ तैयार कराकर ले आया। महाराज अपने पास से बाल मुकुन्द को निकाले उनका भोग लगाया और संन्यासी को बुलाकर साथ में वह प्रसाद ग्रहण किये। बाद में प्रसाद उस नागर ब्राह्मण को भी दिये। उस भूखे बालक ब्रह्मचारी को तथा सन्यासी को भोजन कराकर वह नागर ब्राह्मण अपने जीवन को धन्य माना। आजतक की शिवोपासना सार्थक मानने लगा। जिस बालरुप नीलकंठ वर्णी को देखा वही रुप घर जाकर बार-बार स्मरण करने लगा। नीलकंठ वर्णी ने भी उस ब्राह्मण को रात्रि में शिव के रुप में दर्शन दिया। रात्रि में वह संन्यासी ज्ञान गोष्ठी महाप्रभु के साथ किया। साधु असाधु के नियम, भगवान की भक्ति से मोक्ष तथा संसार की असारता इत्यादि के विषय में नीलकंठ वर्णी ने उस संन्यासी को बताया।

उत्तर हिमालय से तीर्थाटन करते हुये वह संन्यासी गुजरात में आया था। उसका साक्षात् महाप्रभु वर्णी से यहीं


**श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट**

# www.swaminarayan.in

भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० • शृंगार आरती ८-०५

• राजभोग आरती १०-१० • संध्या आरती १८-३० • शयन आरती २०-१५

# सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

## समय रहते सावधान

- शा. हरिप्रियदासजी ( गांधीनगर )

समय एक निश्चित मूलधन है । जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं होते उन्हें बीते हुये समय की कीमत समझ में आती है।

एक दिन मजदूर को मजूरी न मिले तो उसे दिन की कीमत समझ में आती है।

एक घन्टे की कीमत परीक्षार्थी को समझ में आती है। एक मिनट की कीमत ट्रेन या वस छूट जाने पर मुसाफर को होती है । एक सेकेन्ड की कीमत ओलम्पिक में पुरस्कार चूकजाने वाले खेलाडी को होती है।

जीवन में प्रत्येक पल का महत्व है । इसे विरला ही जानते हैं । इसलिये प्रत्येक कार्य समय से करना चाहिये तथा प्रत्येक पल ध्येय प्राप्ति के लिये सचेत रहना चाहिये।

घनश्याम महाराज ने वि.स. १८४९ आषाढ शुक्ल-दशमी को प्रातः गृहत्याग किया था । हिमालय की तरफ प्रस्थान किये, तीन दिन तक लगातार चलते रहने से, भूखे पेट होने से पृथ्वी पर गिर पड़े । पुनः ध्यानस्थ होकर सचेत हुये और सामने नदी के किनारे पहुंच कर सन्ध्या वंदन करके जलपान किये, एक वटवृक्ष के नीचे आराम किये । सूर्यास्त हो गया । अंधकार हुआ । भगवानने हनुमानजी का स्मरण किया सूक्ष्मरुप से हनुमानजी उस वट वृक्ष के पास आगये । वह जन्माष्टमी की रात थी । ऊलूक, सियार, वाघ इत्यादि की भयंकर आवाज आती थी । इसके साथ ही बादल की गर्जना के साथ बिजली भी चमकने लगी । शांत मूर्ति श्रीहरि स्वस्वरुप का चिन्त करते हुये समाधिस्थ हो गये ।

उसी समय उसी वट वृक्ष में हजारो भूत के साथ भंयकर एक भैरव आगया । हाथ में त्रिशूल, लाल-लाल आंखे विशाल मुख, तीक्ष दांत, गर्धभ की आवाज, ताड़ की तरफ लम्बा वह भैरव दिखाई देता था । उसका निवास स्थान वह वटवृक्ष था । इससे वह भयंकर आवाज करने लगा । जिस आवाज को सुनकर हनुमानजी भी किल किलाहट की आवाज किये । हनुमानजी की आवाज चारे दिशाओं में व्याप्त होगयी । भूत-भैरव सभी कांपने लगे । प्रभु भी समाधिसे जग गये । भैरव सभी भूतों से कहने लगा इस वंदर को तथा तपस्वी को खाजाओ । ऐसा कहकर स्वयं त्रिशूल हाथ में ले लिया । हनुमानजीने अपने हाथ के मुक्के से भैरव का माथा तोड़ डाले । मुह उल्टी करते हुये वह जमीन पर गिर पड़ा । अन्य भूत-प्रेत भी जहाँ तहाँ बैठे रहे । प्रातः हनुमानजी वर्णी को फल लाकर दिये । प्रभु की आज्ञा लेकर हनुमानजी अदृश्य हो गये ।

हनुमानजी सेवक भी है, सैनिक भी है । रामायण में देखा जाय तो हनुमानजी का प्रत्येक कार्य समय के अनुसार हुआ था । सीताजी की खोज समय से किये । समुद्र पार समय से किये । लंका समय से जलाये । घायल लक्ष्मणीजी को जड़ी बूटी समय से लाकर दिये । अयोध्या में आकर भरतजी को भी प्रभु राम वापस आ रहे हैं यह समाचार समय से दिये हनुमानजी समय से आकर भैरव को मारकर प्रभु को फल लाकर समय से दिये । जो समय के महत्व को समझता है । वह भक्ति में, भजन में, सेवा में तथा अन्य किसी कार्य में आलस्य न करे । तभी वह उत्तरोत्तर अपने कार्य में सफळ होता रहेगा । इसलिये आवश्यक है कि अभ्यास के साथ भजन भक्ति, नियम-पूजा करके भगवान की भजन करनी चाहिये ।

बालमित्रो ! आज तो प्रत्येक घर में या घर की प्रत्येक

दीवाल पर घड़ी होती है। घड़ी केवल शोभा के लिये लगायी रहती है क्या ? समय के महत्व को समझने वाले का जीवन सुखी होता है। इसलिये इस महत्व को समझकर सुखी होने का प्रयत्न करना चाहिये।

•

## कल्याण ही अनोखी रीत

– साधु श्रीरंगदास ( गांधीनगर )

गाँव बोटाद की एक सुंदर वात है। युवानी में सत्संग करना तथा स्थिर रहना तलवार पर चलने की बात है। उस समय की बात है जव संत दुष्टों के त्रास को सहन करके सत्संग का प्रचार करते थे। बोटाद का भगादोशी संतो के समागम से सत्संगी होगया। प्रतिदिन पूजा, पाठ, कथा, नीति, नियम करता था। लेकिन उसके पिता को थोड़ा भी यह अच्छा नहीं लगता था। सदा विरोधकरता और कहता कि यह मेरा धर्म नहीं है। यह सब छोड़दे हम लोगों के लिये यह धर्म नहीं है। यदि इसे छोड़ेगा नहीं तो आज से मैं तेरा बाप नहीं और तूं मेरा बेटा नहीं।

पिता की इस वात पर ध्यान दिये विना वह अपनी भजन भक्ति चालू ही रखा। पिता सत्संग छोड़ाने के अनेकों उपाय किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पिता का रोष दिन प्रतिदिन बढता ही जा रहा था। उसी अन्तराल महाराज संतो के साथ बोटाद पहुंचे।

भगादोशी महाराज के पास जाकर दंडवत प्रणाम करके सेवा करने लगा। अन्य भक्त भोजन सामग्री लाने लगे। सभी एक एक दिन भोजन कराने का आग्रह करने लगे। महाराजने आज्ञा देदिया की ठीक है क्रमशः सभी के यहाँ प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी समय भगादोशी के मन में हुआ कि मैं भी महाराज को निमंत्रण दूं पर पिताजी तो विरोधी है। क्या करुं ?

एक दिन भगादोशी घर से घी, चीनी लेकर महाराज के पास पहुंच गया और कहने लगा महाराज ! आज मेरी तरफ से रसोई बनेगी। तब महाराज अन्तर्यामी ढंग से सब जानकर उससे पूछे कि यह राशन किससे पूछ कर लाये हो ? भगादोशी हाथ जोड़कर कहने लगा कि हे महाराज आप सब जानते हैं। मेरे पिताजी विरोधी है, उनसे विना पूछे लाया हूँ। महाराज ने कहा, यह लेजा और पिताजी से माफी मांगकर कहना कि, पिताजी महाराज के लिये आपसे विना पूछे सिद्धा ले गया था।

महाराज की आज्ञा को शिरोधार्य करके भगादोशी पिताजी के पास सामग्री लेजाकर पैर में रखकर रोने लगा। पिताजी ने पूछा भगा तूं क्यों रो रहा है। पिताजी, यह राशन आप से विना पूछे संतो के लिये ले गया था। वहाँ महाराज ने यह राशन वापस कर दिया इसलिये कि तूं पिताजी से विना पूछे ले आया है। जा तूं पिताजी की माफी मांगकर उन्हें सौंप देना।

भगादोशी की यह आवाज सुनकर उसके पिता के होश हवाश उड़ गये। उन्हें पश्चाताप होने लगा। आज तक मैं सत्संग का द्रोह करता रहा हूँ। महाराज तो बड़े दयालु है। यही सच्चे भगवान है। यही सच्चे संत है। उनके विचारो में परिवर्तन हो गया और कहने लगे चल बेटा, राशन लेकर महाराज के यहाँ।

सिद्धा लेकर दोनो बाप-बेटे महाराज के पास आये पिता-पंचवर्तमान धारण करके सच्चे सत्संगी हो गये।

जिसमे भगवान के प्रति निष्ठा है वे कभी दुःखी नहीं होते। कभी उनकी आज्ञा पालन में कठिनाई भी होती होगी। उनके वचन कभी कडवे हो सकते हैं। लेकिन महाराज की आज्ञा में विश्वास रखना चाहिये।

हुं हरिनो हरि मम रक्षक, ए भरोसो जाय नही.
जे हरि करशे ते मम हितनु, ये विश्वास तजाय नहिं।

ऐसा दृढ विश्वास रखकर जो भगवान की आज्ञा में वर्तन करे वह सब प्रकार से सुखी होता है।

# भक्तिसुधा

## प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से अपना जीवन कैसा है

- कोटक वर्षा नटवरलाल (घोडासर)

जीवन सुख तथा दुःख का परिणाम है। इसलिये अपने इस वर्तमान जीवन में पाप तथा पुण्य कर्मो के परिणाम स्वरुप सुख-दुःख, अच्छा खराब चलता रहता है। इस मनुष्य जीवन में पाप तथा पुण्य ये दो बीज हैं। सत्वगुण, रजोगुण, तमोगुण ए तीन मूल हैं। दश इन्द्रियां-श्रोत्र, त्वक, चक्षु, रसना, घ्राण, वाक, पाणि, पाद पायु, उपस्थ तथा चार अन्तःकरण-मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार ये सभी उस वृक्ष की शाखा है। इन्हीं के कारण जीवन में सुख दुःख रुपी फल मिलते रहते हैं। उसमें से कौन सा फल प्राप्त करना है वह मनुष्य के हाथ में है। अर्थात् जब हम खराब कर्म करेंगे तो पापरुपी बीज के परिणाम स्वरुप दुःख प्राप्त करेंगे। यदि हम सत्कर्म करेंगे तो उसका परिणाम सुखद होगा। इन्हीं सत्कर्मो से ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। परमात्मा को कहीं बाहर खोजने की जरुरत नहीं है। अपने अन्दर ही परमात्मा का वास है। परंतु उन्हें पहचानने के लिये अन्तःकरण में जो चार शत्रु हैं उन्हें जीतना आवश्यक है। इन्हें जीतने के बाद ही परमात्मा का दर्शन संभव है। इस मनुष्य जीवन से ही अक्षरधाम की प्राप्ति संभव है। वह अक्षरधाम कैसा है? वह अक्षरधाम शीतल एवं शांत है। अति तेजोमय करोड़ो सूर्य से भी अधिक तेज वहाँ के मुक्तात्माओं में है। अनंत प्रकाश से युक्त अक्षरधाम है। दिव्य तेज-ऐश्वर्य-प्रताप, बल कीर्ति संयुक्त स्वराट ऐसे दिव्य गुण से वहाँ महाराज विराजमान रहते हैं। इतना ही नहीं भगवान के चारो तरफ अनंत कोटि मुक्त बैठकर दर्शन करते रहते हैं। भगवान स्वामिनारायण अक्षरधाम तथा मुक्त ये तीनो सदा दिव्य हैं। यह त्रिपुटी जीव, माया, ईश्वर, ब्रह्म इन चारों से परे है। इस तरह मनुष्य को जब अक्षरधाम की प्राप्ति होती है तो वह दिव्य देह धारण करके परमात्मा की सेवा में रहता है। जब महाप्रलय होती है तब महामाया में लीन हो जाते हैं। महामाया अक्षर में लीन हो जाती है। इसके बाद धाम, मुक्त तथा भगवान ये तीनो दिव्य स्वरुप से रहते हैं। इसे अंतिम प्रलय समझना चाहिये। इस तरह जब चौदह लोक का विनाश होजाता है। तब भी अक्षरधाम का नाम नहीं होता वह अविनाशी है। इसलिये इस अक्षरधाम की प्राप्ति के लिये मनुष्य को सदा प्रयत्न करते रहना चाहिये।

•

## श्रीहरि का चमत्कार

- सां.यो. कंचनबा (धांगध्रा)

आज के प्रभावशाली कलियुग के समय में मनुष्य अपने कर्तव्य को भूल गया है। सात्विक आहार लोग छोड़ रहे हैं। शुद्ध घर का भोजन त्याग कर बाहर का दूषित भोजन कर रहे हैं। इस प्रकार का अन्न स्वास्थ्य से तथा प्रभु से दूर करता है। मानवता का कार्य-ईश्वर का दर्शन संत समागम करना है, सभी इसका त्याग करके ऐश-आराम की तरफ बढ रहे हैं। इस अस्त व्यस्त वातावरण में भी सभी कारणों के कारण श्री स्वामिनारायण भगवान दया करके सभी जीवों पर कल्याण करने के लिये तथा भगवान में आस्था दृढ करने के लिये नियम, निश्चय तथा भक्ति मय जीवन बने इसके लिये अथक परिश्रम किया। यहां एक उदाहरण देते हैं।

बुंदेल कंख के धुंवा नामक गाँव में श्रीजी महाराज की आश्रिता महिलायें तथा पुरुष रहते थे। उस गाँव में सत्संग के लिये संत पधारे थे। इस गाँव में श्रीजी महाराज की आश्रिता सत्संगी फूलबाई थी। वे संतो के लिये रसोई तैयार की। संतो खूब प्रसन्न होकर फूलबाई के घर जाकर रसोई का प्रसाद ग्रहण करने के लिये हां किये, इसी बीच मधुभाई नामक एक ब्राह्मण भी जाकर निमंत्रण दिया। उस ब्राह्मण की श्रद्धा देखकर उसके यहां भी भोजन के लिये हाँ कर दिये। अब संत विचार करने लगे कि पहले वह महिला निमंत्रण दी है। ब्राह्मण तो पीछे से आया फिर भी ब्राह्मण धनी था, और अपने सत्संग का नहीं था, अप प्रचार करेगा इसके लिये संतो ने फूलबाई के यहाँ संदेश भेंजे की कल हम सभी का भोजन धनी ब्राह्मण के आग्रह पर उनके घर करना है। अतः आपके यहाँ दूसरे दिन तैयारी करियेगा। संयोगवश फूलबाई की शरीर उसी रात्रि में

छूट जाती है और अक्षरधाम को प्राप्त होती है। वहाँ भगवान स्वामिनारायण को अनंत मुक्तों के बीच में विराजमान देखा। सहजानंद महाराज ने फूलबाई से पूछा कि आप अपने मन में क्या संकल्प करती हैं ? क्या कराना बाकी रह गया । तब फूलबाईने कहा मेरे गांव में संत पधारे थे उन्हें भोजन कराना था कि आप लेने आगये, वही कार्य बाकी है । यह सुनते ही महाराज ने कहा यदि संतो को भोजन करना बाकी है तो तुरंत वापस जाओ । अपना कार्य करके तीसरे दिन वापस आजाना ।

वह बाई तुरंत उसी शरीर में आ गयी और सभी से महाराज की बात बताई कि महाराजने ( संतो को भोजन कराना बाकी था इसलिये ) वापस भेंज दिया । सभी यह बात सुनकर बड़े आश्चर्य में पड़ गये । दूसरे दिन संत भोजन के लिये आये । फूलबाई संतो की पूजा करके भोजन कराई । संतो के जाने के बाद बाई आंगन में चौकपुरी और दीपक जलाकर आसन पर बैठ गयी । सभी से कहने लगी कि मैं अब अक्षरधाम जा रही हूँ, किसी को साथ आना होतो तैयार हो जाओ । कोई तैयार नहीं हुआ । सभी के देखते ही फूलबाई अक्षरधाम के लिये प्रस्थान की । इस तरह श्रीजी महाराज फूलबाई को चमत्कार दिखाकर अपने अक्षरधाम में ले गये । अपने संप्रदाय में संतो का भी माहात्म्य अच्छा है । इसी तरह की हम सभी में निष्ठा बनी रहे ऐसी प्रभु के चरणों में प्रार्थना ।

•

## प्रशंसा की बलिहारी

- सां.यो. अल्पाबहन गुरु शिल्पाबहन (गढडा)

भगवान स्वामिनारायण बड़े दयालुं है । सुख कारी एवं दुःखहारी हैं । वे वरदान दिये हैं कि जो अंत काल में मेरा स्मरण करेगा उसे हम स्वयं लेने आयेंगे । यह उसके लिये है जो भगवान की एक निष्ठा भक्ति करेगा । भगवान के भक्तों के साथ या संतो के साथ जो समागम करेगा उसका हम कल्याण अवश्य करेंगे । सच्चे अर्थ में भगवान का जो एकांतिक भक्त हो उसका सर्व बिधकल्याण होता है।

एक दिन दो संत सत्संग करते हुये बुरहानपुर पहुंचे वहाँ वापी नदी के किनारे एक धर्मशाला में रुके । गाँव के भक्त सुबह स्नान करने आये तो स्वामिनारायण के संतो का दर्शन करके आत्मिक शांति का अनुभव किये । लोग आपस में चर्चा करने लगे कि ये सच्चे अर्थ में भगवान के संत है । कुछ लोग संतो के पास आये, संतो से परिचय पूछे तो संतोने कहा कि हम स्वामिनारायण भगवानके संत है । वे भगवान बड़े दयालु हैं । जो उनका आश्रित होता है वह इस लोक में तथा पर लोक में सुखी होता है।

